





नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई , 2025



## एक नजर में

### पार्षद सुमित्रा पोरवाल के 3 वर्ष का कार्यकाल इंदिरा नगर वार्ड 7 में लिखी विकास की नई इबारत



**नीमच।** नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 7 के पार्षद श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल ने 3 वर्षीय कार्यकाल में इंदिरा नगर में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की लिखित नई इबारत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में सी सी रोड सड़कों का निर्माण बगीचों का सोदिकरण हो चाहे डिवाइडर पर स्टील लाइटिंग होगी इंदिरा नगर में हाई मार्क्स का निर्माण हो 5 से अधिक स्थानों पर हाई मार्क्स लगाए गए बगीचा में इंटरलॉक टाइलस लगाकर सोदिकरण किया। घर-घर कचरा गाड़ी का प्रतिदिन पहुंचकर कचरा उठाना। संपूर्ण वार्ड में साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाना। जहां भी कोई समस्या आती हो वहां तत्काल पहुंचकर उसको हल करना कई गरीब विधवा महिलाओं की पेंशन लागू करना। कई परिवारों को मध्य प्रदेश शासन से दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाना। ऐसी अनेक योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए समय-समय पर मांगलिक भवन में कैंप आयोजित कर जनता को लाभ दिलाया जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद चुनाव में जो वादा जनता से किया कि 24 घंटे आपकी सेवा में रहेंगे उस पर सदैव तत्पर रहती हैं। वार्ड में प्रतिदिन भ्रमण कर आम जनता की समस्याओं को नजदीकी से देखकर उनका तत्काल हल करने के निर्देश अधिकारियों को देना

### किराना व्यवसायी रहस्यमय परिस्थितियों में हुआ लापता, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत




**नीमच।** जिले के सेमली चंद्रावत गांव से एक किराना व्यवसायी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। दिनेश खारोल उम्र 35 वर्ष जो सेमली चंद्रावत में अपनी किराना दुकान चलाते हैं, दिनांक 16 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 2 बजे अपनी दुकान का सामान लेने के लिए नीमच आए थे, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला है। उनके भाई भरत कुमार खारोल ने आज नीमच पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने अपने लापता भाई का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद मांगी है। भरत कुमार ने बताया कि दिनेश खारोल अन्नपूर्णा बस से नीमच पहुंचे थे और उसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। दिनेश का मोबाइल नंबर 9826103583 भी बंद आ रहा है, जिससे पूरा परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। भरत कुमार ने अपनी शिकायत में पुलिस अधीक्षक से दिनेश के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर जल्द से जल्द उनका पता लगाने और उन्हें परिवार को सौंपने का आग्रह किया है। परिवार को इस मामले में अनेक तरह की आशंका है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और दिनेश खारोल की तलाश शुरू कर दी है। उम्मीद है कि साइबर सेल की मदद से जल्द ही दिनेश का पता लगाया जा सकेगा।

### तितरोद में निकलेगी भव्य शाही शिव-डोल यात्रा 28 जुलाई को होगा आयोजन, तैयारियाँ जोरों पर

**सीतामऊ।** श्रावण माह के तृतीय सोमवार, 28 जुलाई को तितरोद में अतिप्राचीन, सिद्ध और चमत्कारी श्री नीलकंठेश्वर महादेव जी की भव्य शाही शिव-डोल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा क्षेत्र की सबसे भव्य शाही सवारियों में गिनी जाती है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। शाही सवारी में श्री श्याम बैंड खेजड़िया, दिल्ली व उज्जैन के कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, कालिका माता की झांकियां, अघोरी नृत्य, मण्डफिया नरेश सांवलिया सेठ की जीवंत झांकी, बच्चों के लिए कार्टून टोली, जादूगर छोटे सरकार का शो, डीजे पार्टियां, ढोल-ताशे, रंग-बिरंगी फॉग और आतिशबाजी विशेष आकर्षण रहेंगे। यात्रा के अंत में भगवान श्री नीलकंठेश्वर के मुखोटे के दर्शन होंगे। शिवभक्तों के लिए नगर में चाय, पोहा, साबूदाना खिचड़ी, खीर आदि के नि :शुल्क स्टॉल लगाए जाएंगे। आयोजन के दिन तितरोद में कृषि कार्य बंद रहते हैं और पूरा गाँव आयोजन में सहभागी बनता है। शाही सवारी दोपहर 12 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी और रात्रि 10 बजे मंदिर पहुंचकर विश्राम लेगी। यातायात व्यवस्था हेतु संकट मोचन सुंदर कांड समिति और बजरंग दल के सदस्य पूर्ण ड्रेसकोड में तैनात रहेंगे।

### श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा वर्षावास आत्म साधना महोत्सव

**पिपलियामण्डी।** स्थानीय जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में वर्षावास आत्म साधना महोत्सव 2025 श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा है। सौभाग्य कुल दिवाकर प्रवर्तक राज प्रकाश मुनि मसा की शिष्या रमणीककुंवर रंजन आदि ठाणा 4 की पावन उपस्थिति में यह आयोजन हो रहा है। प्रतिदिन दिन सुबह 9 से 10 बजे तक प्रभावशाली प्रवचन हो रहे हैं। श्रीसंघ के सैकड़ों श्रद्धालु धर्म ध्यान, तपस्या और आत्म शुद्धि की साधना में लीन हैं। गुरुवार को विशेष आयोजन रखा गया है। सुबह 9 से 10 बजे तक पंच परमेष्ठी णमोकार मंत्र के पांच पदों का जाप हुआ। इस जाप की प्रभावना और लकी ड्रा का लाभ कमलेशकुमार, राकेशकुमार, रोहित तातेड परिवार ने लिया। प्रभावना खुशी पटवा की ओर से रखी गई। दोपहर के जाप और प्रभावना का लाभ अमोलकचंद, राजेशकुमार, निलयकुमार पटवा परिवार ने लिया।

### पिपलियामंडी भाव

**पिपलियामण्डी।** कृषि उपज मंडी पिपलिया में गुरुवार को विभिन्न जिसों के भाव इस प्रकार रहे। गेंहू 2200 से 2711, मसूर 5900 से 6893, सोयाबीन 2000 से 4370, अलसी 6500 से 7270, लहसुन 2200 से 7270, मैथी 4100 से 4600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा किया वृक्षारोपण

**मंदसौर.** पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा च्च्पंच ज योजनाज्ज के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। वृक्षारोपण के दौरान जाम, आंवला एवं अन्य छायादार एवं औषधीय महत्व की प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। यह आयोजन पर्यावरणीय असंतुलन की बढ़ती चुनौतियों के समाधान हेतु एक प्रभावशाली कदम रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छता की सौगात सुनिश्चित करेगा। न्यायाधीशगण ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजनों की नियमितता पर बल देते हुए जनसामान्य को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। फोटो संलग्न स्ष्ठ-5

### पुल-पुलिया के ऊपर पानी होने पर पुल को पार न करें : कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा जिले वासियों से अपील की है कि मंदसौर (विशेष भानपुरा, गरोठ क्षेत्र में) एवं आसपास वर्षा हो रही है। वर्षा से नदी नालों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। सभी जिले वासियों से अपील है कि अत्यधिक वर्षा होने पर घरों से बाहर न निकले। किसी भी पुल-पुलिया और रपट को जिस पर पानी बह रहा हो उसे पर ना करें। वर्षा काल में बिजली गिरने की भी संभावना रहती है, जिससे जनहानि होना संभावित है।

# मनासा को नेशनल स्तर पर छठवां स्थान, मिला 3 स्टार, उपसंभाग में एकमात्र निकाय

## नगर परिषद में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन स्वच्छता नोडल, कंसलटेंसी, दरोगा, जमादार एवं सफाई मित्रों का किया सम्मान



**मनासा।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का परिणाम गुरूवार को घोषित किए गए। इसमें मनासा नगर परिषद को स्टार रेटिंग मे 3 स्टार मिला। मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले की एक मात्र मनासा निकाय को ही 3 स्टार रेटिंग मिली है। ओडीएफ प्लस प्लस में भी निकाय पास हो गई है। इस महत्ती उपलब्धी पर नगर परिषद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या एवं पार्षदगण की उपथिति में स्वच्छता नोडल, कंसलटेंसी, दरोगा, जमादार और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया।

मनासा शहर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024.25 में राष्ट्रीय स्तर पर 1585 शहरों में से रैंक 06 प्राप्त की और मध्य प्रदेश राज्य स्तर पर 110 शहरों में से रैंक 17 प्राप्त की नीमच जिले मे दूसरा स्थान एवं 20 से 50 हजार की आबादी वाले शहर मे जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष डॉ सिमा तिवारी, उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर अजय तिवारी, स्वच्छता सभापति राजू माली, पार्षद प्रवीण जोनवाल, पार्षद प्रतिनिधि बंटी सहगल, सचिन राठौर, दिनेश राठौर आदि की उपस्थिति में परिषद सभाकक्ष में स्वच्छता रैकिंग में सफलता दिलाने वाले अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। तत्कालिन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश व्यास, स्वच्छता नोडल लोकेंद्र साधू, दरोगा दिनेश राठौर, कंसलटेंसी संचालक कमलेश कारपेंटर, जमादार अश्विन दुर्गज, धीरज धवन, दिलीप दुर्गज, कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश भेरवा और स्वच्छता के 7 सुपर हिरो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद प्रभारी सीएमओ मनोज राठौर, सुरेंद्र श्रीवास्तव, दिलीप रैकवार, दिनेश चौहान सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**नीमच, मंदसौर, रतलाम जिले मे एक मात्र निकाय- -** नासा नगर परिषद को स्टार रेटिंग मे 3 स्टार मिला। मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले की एक मात्र मनासा निकाय को ही 3 स्टार रेटिंग मिली है। यह मनासा नगर परिषद के गौरव का विषय है। अन्य निकाय को 1

स्टार मिला है। ओडीएफ प्लस प्लस में भी निकाय पास हो गई है। डॉ. सीमा अजय तिवारी ने बताया शीर्ष पर पहुचना कला नही बने रहना है। आज सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत और सभी के सहयोग से यह उपलब्धी मिली है। यह हमेशा बनी रहे। स्वच्छता की इस उपलब्धी को बनाए रखने के लिए नगर परिषद डिवाइडर की सफाई हेतु मशीन, कचरा सेग्रीकेशन हेतु मशीन की भी व्यवस्था करने जा रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड की मशीने भी जल्द शुरू होगी।

## किसान पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना अंतर्गत प्रोसेसिंग इकाई निर्माण हेतु लोन प्राप्त करें

**मंदसौर।** उद्यानिकी विभाग के उप संचालक सोलंकी ने बताया कि उद्यमियों हितग्राहियों को आर्थिक सहायता, तकनीकि एवं व्यवसाय में सहायता प्रदान करने - तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के उन्नयन हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा जिलें मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये जिलें में लहसुन एवं अन्य प्रोसेसिंग इकाई निर्माण हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिसमें लागत का 35त्न या अधिकतम 10 लाख रूपये अनुदान का वित्तीय प्रावधान है तथा एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्कर फण्ड योजनान्तर्गत प्राईमरी प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने पर 03 प्रतिशत व्याज ऋण पर अनुदान शासन द्वारा दिये जाने का प्रावधान है।

योजनान्तर्गत लहसुन प्रसंस्करण उत्पाद जैसे गार्लिक पिलिंग, गार्लिक पेस्ट, पावडर, फ्लेक्स, अचार, चटनी तथा अन्य प्रसंस्करण उत्पाद जैसे सभी प्रकार के मसालें, आटा चक्की, धनिया पावडर, आलु चिप्स, संतरा ज्यूस, हल्दी पावडर, मिर्च पावडर, आंवला अचार, मुरख्या, अमरूद जैम, जैली तथा अन्य सभी प्रकार के प्रसंस्करण उत्पाद आईल मील, दाल मिल, डेयरी उत्पादों से संबंधित इकाईयों की स्थापना हेतु आवेदन किये जा सकते है। उक्त योजना अंतर्गत व्यक्तिगत इकाई एवं समूह आधारित इकाईयो के निर्माण हेतु वेबसाईट *https://pmfme.mofpi.gov.in* पर ऑनलाईन आवेदन किये जा सकतें है।

## कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारी हेप्पीसीडर एवं सुपर सीडर के प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करें : कलेक्टर

### *जिले के सभी किसानों का फसल बीमा सुनिश्चित करें-कलेक्टर*




**नीमच।** जिले में कृषि विभाग के सभी ग्रामीण कृषि विकास एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेप्पी सीडर का एक माह में न्यूनतम एक एवं सुपर सीडर के दो-दो किसानों के प्रकरण तैयार कर, उन्हें लाभांवित करवाएं। साथ ही कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर मद तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन(पीएमएफएमई) योजना के तहत एक-एक ऋण प्रकरण तैयार करवाकर किसानों को लाभांवित करें। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में कृषि विभाग के जिला विकासखण्ड एवं ग्राम स्तरीय अमले की बैठक में विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, उप संचालक कृषि पी.एस.पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि , उद्यानिकी , सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे अरंडी की खेती के लिए किसानों को प्रेरित कर, जिले में 500 हेक्टेयर में अरंडी की खेती के लिए बीज उपलब्ध करवाए। कलेक्टर ने अरंडी की खेती करने के इच्छुक किसानों की नामजद ग्रामवार सूची तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने खरीफ 2025 के लिए 70 हजार किसानों का फसल बीमा करवाने के निर्देश देते हुए कहा, कि कृषि विभाग का ग्रामीण अमला किसानों को प्रेरित कर समितियों, सीएससी के माध्यम से फसल बीमा करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के किसानों का सर्वे कर किन-किन किसानों के साथ स्प्रींकलर व ड्रीम उपलब्ध है और किसे आवश्यकता है, इसकी जानकारी तैयार कर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी कृषि विभाग के ग्रामीण अमलों को दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभा को 10 हजार हेक्टेयर एवं कृषि विभाग को एक हजार हेक्टेयर में स्प्रींकलर ड्रीप का लक्ष्य प्रदान करने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।



## सभी गांवों, मजरों, टोलों, बस्तियों व शासकीय भवनों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

### *कलेक्टर ने की गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना के कार्यो की प्रगति की समीक्षा*

### *शेष सभी निर्माण कार्य तय टाईम लाईन में पूर्ण करने के दिए निर्देश*

**नीमच।** गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना-2 के शेष सभी निर्माण कार्य तय की गई टाईम लाईन के अनुसार तेजी से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। जिले व सभी गांवों, मजरों, टोलों, बस्तियों और शासकीय भवनों में योजना के तहत नल कनेक्शन उपलब्ध करवाए। कोई भी गांव, घर, मजरा, टोला, बस्ती या शासकीय भवन नल कनेक्शन से नहीं छूटे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जल निगम द्वारा निर्माणधीन गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना-2 के तहत हर घर नल से जल प्रदाय योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जल निगम के महाप्रबंधक को दिए।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अमन वैष्णव, महाप्रबंधक जल निगम धीरेन्द्र बिजोरिया, कार्यपालन यंत्री सरस जैन व अन्य अधिकारी तथा क्रियान्वयन ऐजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया, कि जिले में वर्तमान में 115 कि.मी.रोड़ रेस्ट्रोरेशन का कार्य शेष है। इस कार्य में 18 टीमें लगी हुई है। कलेक्टर ने रेस्ट्रोरेशन के कार्य में टीमे 18 से बढ़ाकर 30 करने और रेस्ट्रोरेशन का कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम के श्री सरस जैन ने अवगत कराया, कि योजना के तहत सम्पूर्ण जिले में नवम्बर 2025 तक सभी कार्य पूर्ण कर जल आपूर्ति प्रारंभ कर दी जावेगी ।प्रथम चरण में मनासा क्षेत्र के 177 गांवों में 31 अक्टूबर तक हर घर नल से जल प्रारंभ कर दिया जावेगा। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सभी शासकीय भवनों और छूटे हुए मजरों, टोलों, बस्तियों में भी पेयजल पाईप लाईन डालकर नल कनेक्शन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। लोक स्वा.या.विभाग के कार्यपालन यंत्री को नवीन स्वीकृत ग्रामीण नल जल योजना का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कर सितंबर तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें विभागीय 127 योजनाओं में छूटे हुए घरों में बस्तियों में नल कनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश भी दिए गये।

## श्वान नसबंदी अभियान में उजागर हुआ भ्रष्टाचार, निगरानी समिति की सतर्कता से हुआ बड़ा खुलासा

**नीमच।** नगर में आवारा श्वानों की अनियंत्रित संख्या में वृद्धि के कारण शहरवासियों को निरंतर संकट का सामना करना पड़ रहा है, विशेषत: बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को श्वानों द्वारा काटे जाने की बढ़ती घटनाओं ने जनस्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा को एक गंभीर चुनौती बना दिया है। इन घटनाओं को नियंत्रित करने तथा नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद, नीमच द्वारा श्वान नसबंदी अभियान प्रारंभ किया गया था।

इसी क्रम में ग्राम भोलियावास पर एक स्थायी नसबंदी केंद्र की स्थापना की गई, जहां नसबंदी का कार्य द केयर ऑफ एनिमल्स एंड सोसाइटी नामक एनजीओ को सौंपा गया। उक्त एनजीओ द्वारा वर्ष 2022-23 में 5219 श्वानों की नसबंदी का दावा किया गया था। इस अभियान की पारदर्शिता पर पूर्व से ही कई शंकाएं जताई जा रही थीं। इसके बावजूद फरवरी 2025 में नगर पालिका द्वारा पुन: इसी संस्था को नसबंदी कार्य के लिए नियुक्त किया गया। अभियान के पुन: प्रारंभ होते ही निगरानी समिति द्वारा इस पर विशेष निगरानी रखी गई।

नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा पूर्व की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए एक 15 सदस्यीय सशक्त मॉनिटरिंग समिति गठित की गई, जिसमें नेता प्रतिपक्ष, पशु-प्रेमी, समाजसेवी एवं विधि विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया। समिति की पहल पर नसबंदी केंद्र के विभिन्न हिस्सों जैसे ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर यूनिट आदि में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए, जिससे प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

दिनांक 28 फरवरी 2025 को निगरानी समिति के सदस्य इंजी नवीन कुमार अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), अधिवक्ता प्रवीण मित्तल और पार्थ जोशी (गौ सेवा दल) द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संकलित साक्ष्यों के साथ जिलाधीश महोदय, नीमच को विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें नसबंदी कार्य के दौरान गंभीर भ्रष्टाचार, जानवरों के साथ अनुचित व्यवहार, एवं फर्जी रिपोर्टिंग की बात उजागर की गई।

जिलाधीश महोदय द्वारा शिकायत का संज्ञान लेते हुए एक विशेष जांच समिति गठित की गई, जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया।

> जैसे ही एन.जी.ओ. को यह ज्ञात हुआ कि उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं और शिकायत दर्ज की गई है, उन्होंने नसबंदी कार्य को समय-पूर्व बंद कर दिया और निगरानी प्रणाली पर आपत्ति जताकर कार्यस्थल से हटने का प्रयास किया कृ जो कि स्वयं ही उनकी दोषसिद्धि का संकेत है।
>
> शिकायतकर्ताओं ने वर्ष 2022-23 के दौरान किये गए 5219 श्वानों की नसबंदी पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है कृ यह कहते हुए कि नीमच शहर की वास्तविक श्वान आबादी से अधिक संख्या में नसबंदी कैसे की गई यह आंकड़ा भी संदेहास्पद है और इसकी स्वतंत्र ऑडिट जांच की मांग की गई है। साथ ही मांग की है की अब जब की एनजीओ का भ्रस्टाचार प्रमाणित हो गया है तो इसे ब्लैक लिस्टेड कर नया टेंडर कॉल कर डिफेंस की राशि इसके भुगतान से काट कर पूर्ण टेंडर अनुसार कार्य होने पर ही भुगतान किया जाना चाहिए।

**एक नजर** — सभी बड़े नगरीय प्रोजेक्ट समय सीमा में पूर्ण करवाएं-कलेक्टर

# सभी नगरीय निकाय अवैध कॉलोनियों पर तत्काल कार्रवाई करें : कलेक्टर




**नीमच।** जिले के सभी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में कोई भी अवैध कॉलोनी बगैर अनुमति के विकसित ना होने दें। यदि किसी नगरीय निकाय में अवैध कॉलोनियाँ विकसित होती है, तो संबंधित पर तत्काल कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यो की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में गुरूवार को सभी सीएमओ को दिए। बैठक में जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री चंद्रसिह धार्वे, नीमच नगरपालिका सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने नगरीय निकायवार उपलब्ध आश्रय निधि की जानकारी ली और सभी संबंधित सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे आश्रय निधि से क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों, स्लम एरिया में अधोसंरचना विकास, सड़क एवं नाली निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर, 15 दिवस में स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो की प्रगति एवं पूर्णता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि जिले के सभी सीएमओ आगामी एक माह में जिले में 350 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा, कि स्वीकृति के उपरांत भी जिन हितग्राहियों द्वारा लंबे समय से आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया है, पूर्ण नहीं किया है, उनके विरूद्ध आरआरसी की कार्यवाही की जाए। ऐसे हितग्राही जो आवास निर्माण करना नहीं चाहते है, उनके आवास समर्पण की कार्यवाही की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय वार मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास के कार्यो, कायाकल्प 2.0 के निर्माण कार्यो के प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को नगरीय निकायों के करों की वसूली की समीक्षा में निर्देश दिए, कि सभी निकाय 100-100 बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर, उनसे प्राथमिकता से बकाया राशि वसूल करें। उन्होने प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 के तहत जिले में प्राप्त कुल 3199 हितग्राहियों के आवेदनों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर, 7 दिवस में पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी करवाने के निर्देश दिए।